प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
27.07.2024/प्रादेशिक समाचार/09:20 बजे

नीति आयोग

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में नीति आयोग की नौवीं शासी परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने पर ध्यान केंद्रित करने के साथ इस वर्ष की बैठक का विषय ''विकसित भारत–2047 रखा गया है। इस बैठक में विकसित भारत पर दृष्टिपत्र के प्रस्ताव पत्र पर चर्चा होगी। बैठक में विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में राज्यों की भूमिका पर भी विस्तार से चर्चा होगी।

नीट–परिणाम

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एन.टी.ए. ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट यूजी के लिए संशोधित अंतिम परिणाम जारी किया। जो उम्मीदवार नीट के लिए उपस्थित हुए थे, वे अपने परिणाम और स्कोरकार्ड आधिकारिक वेबसाइट questions.nta.ac.in और neet.ntaonline.in पर देख सकते हैं। परीक्षा एजेंसी ने घोषणा की है, कि 17 उम्मीदवारों ने शीर्ष रैंक प्राप्त की है। 24 लाख से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। परीक्षा के दौरान जिन एक हजार पांच सौ 63 उम्मीदवारों को समय का नुकसान हुआ था, उनके लिए 23 जून को फिर से परीक्षा आयोजित की गई थी।

पुण्य तिथि

राष्ट्र आज पूर्व राष्ट्रपति और प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉक्टर ए. पी. जे. अब्दुल कलाम की 9वीं पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। डॉक्टर कलाम ने भारत के अंतरिक्ष और मिसाइल कार्यक्रमों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्हें भारत का मिसाइल मैन भी कहा जाता है। वर्ष 2015 में आज ही के दिन डॉक्टर कलाम का निधन हो गया था।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 12वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन ए.आई.आर. मोबाईल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डी.डी. न्यूज, पी.एम.ओ. और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी लाइव प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण होगा।

ओलंपिक

पेरिस ओलंपिक एक शानदार रंगारंग उद्घाटन समारोह के साथ कल रात शुरू हुआ। तेज वर्षा के बीच बडी संख्या में लोग इस ऐतिहासिक पल के गवाह बने। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रां ने ओलम्पिक खेलों के शुरू होने की घोषणा की। तीन बार के जूडो चैम्पियन टेडी रिनर ने ओलम्पिक ज्वाला को प्रज्जवलित किया। भारतीय दल का नेतृत्व पी.वी. सिंधु और शरथ कमल ने किया। दुनिया भर के लगभग सात हजार खिलाडियों ने सीन नदी पर आयोजित परेड में हिस्सा लिया।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं। मानसून की सक्रियता से राजधानी शिमला सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में बीते 24 घंटों के दौरान वर्षा का समाचार है। मौसम विभाग ने आगामी 31 जुलाई तक कई क्षेत्रों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने स्थानीय लोगों सहित बाहरी राज्यों से आने वाले सैलानियों को भू–स्खलन संभावित क्षेत्रों की यात्रा न करने और नदी–नालों से दूर रहने की अपील की है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से........

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला व दैनिक जागरण की एक जैसी सुर्खी है–हिमाचल अपनी शर्तों पर नालागढ़ में बनाएगा मेडिकल डिवाइस पार्क–राज्य के संसाधनों को लुटने नहीं देंगे।

दिव्य हिमाचल लिखता है–प्राइवेट अस्पतालों में हिम केयर कार्ड बंद–हिमाचल कैबिनेट ने लिया बड़ा फैसला, सरकारी कर्मचारियों के लिए भी प्रतिबंधित होगा कार्ड।

दैनिक सवेरा टाइम्स ने पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के हवाले से लिखा है–मुख्यमंत्री द्वारा नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार हिमाचल के हितों में साथ खिलवाड़।

हिमाचल दस्तक का कहना है–एक स्टेशन पर डटे मुलाजिमों की इंक्रीमेंट पर लगेगी रोक।

मौसम पर पंजाब केसरी की सुर्खी है–नाहन में खूब बरसे मेघ, ऊना में उमस भरी गर्मी। दैनिक भास्कर लिखता है–काजा में नाले के तेज बहाव में बहे आईटीबीपी इंस्पेक्टर, इस हफ्ते लगातार बारिश के आसार, जबकि आपका फैसला के शब्द हैं–हिमाचल में आगामी एक अगस्त तक भारी बारिश का येलो अलर्ट।

राष्ट्रीय परीक्षा एजैंसी– एन.टी.ए. द्वारा नीट यूजी 2024 के संशोधित अंतिम परिणाम और पेरिस में शानदार रंगारंग उदघाटन समारोह के साथ शुरू हुए ओलंपिक खेलों से जुड़ी ख़बरें भी आज अधिकतर समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित हुई है।